Publication – Hindustan

Headline – Hindustan Motors ne Sports Pajero utari

Edition – Delhi

Page – 13 Date – 13.03.12

हिंदुस्तान मोटर्स ने स्पोर्ट्स पजेरो उतारी

नई दिल्ली | एजेंसियां

हिंदुस्तान मोटर्स लि. ने सोमवार को भारतीय बाजार में जापान की मित्सुबिशी के स्पोर्ट्स यूटिलिटी वाहन (एसयूवी) पजेरो का नया संस्करण 'स्पोर्ट पजेरो' पेश किया है। हिंदुस्तान मोटर्स तकनीकी करार के तहत भारत में मित्सुबिशी के वाहनों का विनिर्माण करती है। स्पोर्ट पजेरो का दिल्ली में एक्स शोरूम कीमत 23.53 लाख रुपये रखा गया है।

हिंदुस्तान मोटर्स के निदेशक ए. शंकर नारायणन और मित्सुबिशी मोटर्स कॉरपोरेशन के कार्यकारी अधिकारी (एशिया और आसियान) मासाहिको यूएकी ने स्पोर्ट पजेरो को पेश किया। कंपनी का इरादा पहले साल में स्पोर्ट पजेरो की 4,000 से 5,000 इकाइयों की बिक्री का है। शुरू में कार आयात होगी और सितंबर से इसके कलपुर्जे चेन्नई संयंत्र मेंअसेंबल करेगी।

नया वर्जन

- 23.53 लाख रुपये होगी दिल्ली में एक्श शो रूम कीमत
- 4000 से 5000 ईकाइयों की बिक्री होगी पहले साल में